



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**अक्टूबर-2019**

***अन्दर के पृष्ठों पर........***


- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध


## पुलिस रेडियो मुख्यालय पर श्री विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम

- दिनांक 17.09.2019 : उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय स्थित केन्द्रीय कर्मशाला में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी प्रातःकाल श्री विश्वकर्मा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, श्री ओम प्रकाश सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, श्री ध्रुव कान्त ठाकुर, उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) श्री अनिल कुमार, श्री सुनील कुमार सिंह, श्री सत्य प्रकाश सिंह एवं श्रीमती सुनीता शर्मा, राज्य रेडियो अधिकारी श्री सुनील कुमार शुक्ला एवं श्री रवीन्द्र सिंह, अपर राज्य रेडियो अधिकारीगण, सहायक रेडियो अधिकारीगण, रेडियो निरीक्षकगण एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, श्री ओम प्रकाश सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, श्री ध्रुव कान्त ठाकुर एवं अन्य अधिकारियों ने श्री विश्वकर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर पूजा, हवन एवं भक्ति संगीत के आयोजन किये गये। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, श्री ओम प्रकाश सिंह द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गयी तथा विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक भी की।

कार्यक्रम के अन्त में सभी को प्रसाद वितरण तथा कलाकारों/प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।















✸ साफ-सफाई ईश्वर भक्ति के बराबर है। ✸ महात्मा गाँधी ✸

## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विध्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार | |
| 11.09.2019 | मथुरा |
| 09.09.2019 | गौतमबुद्धनगर |
| मा0 मुख्य मंत्री, उ0प्र0 | |
| 21.09.2019 | आगरा |
| 20.09.2019 | वाराणसी, गाजीपुर |
| 19.09.2019 | आगरा |
| 16.09.2019 | मऊ, आजमगढ़ |
| 14.09.2019 | फिरोज़ाबाद, आगरा |
| 13.09.2019 | सोनभद्र, चित्रकूट |
| 12.09.2019 | कानपुर नगर |
| 11.09.2019 | मथुरा, आगरा |
| 06.09.2019 | सहारनपुर |
| 04.09.2019 | मथुरा |
| मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 | |
| 23.09.2019 | शामली |
| 17.09.2019 | मेरठ |
| 02.09.2019 | बरेली |
| मा0 राष्ट्रपति, मंगोलिया | |
| 21.09.2019 | आगरा |

## उल्लेखनीय कार्य

- दिनांक 18.09.2019 : आर0ओ0आई0पी0 केन्द्र, जनपद बरेली पर समय लगभग 13.40 बजे सूनू सिंह, मोबाइल नम्बरः 7078510602 द्वारा इवेन्ट प्राप्त हुई कि एक सफेद ब्रेज़ा कार नम्बर यूपी 84 5742 एवं एक लाल रंग की कार में 8–9 लोग सवार हैं जो स्टेडियम रोड से एक बालिग लड़की को जबरदस्ती उठा कर ले गये हैं। सूचना प्राप्त होने पर ड्यूटीरत सहायक परिचालक/5062, दुर्गेश कुमार द्वारा तत्काल सिटी कण्ट्रोल रुम में ड्यूटीरत प्रधान परिचालक/211, राजेन्द्र कुमार सक्सेना को सूचित किया गया। राजेन्द्र कुमार द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित कर सघन चेकिंग कराने के निर्देश दिये परिणामस्वरुप समय 14.15 बजे पी0आर0वी0 200 ने चेकिंग के दौरान सफेद ब्रेज़ा कार नम्बर यूपी 84 5742 को पकड़ कर युवती को सकुशल बरामद कर लिया। बदमाशों को पकड़वाने एवं युवती को सुरक्षित बरामद कराने में उक्त सहायक परिचालक/5062, दुर्गेश कुमार एवं प्रधान परिचालक/211, राजेन्द्र कुमार सक्सेना का कर्तव्य के प्रति समर्पण उल्लेखनीय रहा।

## कल्याणकारी कार्य

- पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में सितम्बर–2019 में 380 कार्मिकों का उपचार किया गया।

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 एवं पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के आदेश/निर्देश

- पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के पत्र संख्याः ग्यारह–विविध–2018 दिनांक 19.09.2019 द्वारा उ0प्र0 पुलिस विभाग के समस्त आवासीय/अनावसीय भवनों में रुफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रुप से लगाये जाने हेतु, शासनादेश संख्याः 807/62–1–2014/7 डब्लू0 पी0/2004 टीसी दिनांक 18.06.2014 जिसमें समग्र भूजल नीति के प्राविधानों के अन्तर्गत रुफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स के निर्माण एवं रख–रखाव/अनुरक्षण के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये हैं, के अनुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।
- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–चार–120(15)2017 दिनांक 06.09. 2019 द्वारा पुलिस विभाग में नियुक्त अराजपत्रित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्व प्रारम्भिक जाँच/विभागीय कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में समसंख्यक पत्र दिनांक 03.08.2017 में वर्णित नियमों तथा दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने की अपेक्षा की गयी है।

## हमीरपुर में विधान सभा उपचुनाव

- जनपद हमीरपुर में दिनांक 23.09.2019 को विधानसभा उपनिर्वाचन के दौरान निर्बाध संचार व्यवस्था हेतु 60 अदद स्टैटिक/मोबाईल वायरलैस सेट(परिक्षेत्र रिज़र्व बाँदा–10 अदद व रेडियो मुख्यालय–50अदद), 60 अदद हैण्ड हैल्ड वायरलैस सेट (परिक्षेत्र रिज़र्व बाँदा–10 अदद व रेडियो मुख्यालय–50 अदद) तथा 02 रेडियो उपनिरीक्षक, 08 प्रधान परिचालक यॉत्रिक, 07 प्रधान परिचालक/सहायक परिचालक (कुल 17 पुलिस रेडियो स्टाफ) प्रयागराज/कानपुर ज़ोन से जनपद हमीरपुर को उपलब्ध कराये गये।

## वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं में उपलब्धियाँ

- दिनांक 25.09.2019 से दिनांक 27.09.2019 तक जनपद मुरादाबाद में सम्पन्न 37वीं उ0प्र0 पुलिस बैडमिण्टन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता –2019 में उ0प्र0 पुलिस रेडियो ज़ोन टीम के पुलिस रेडियो कार्मिकों ने निम्न पदक अर्जित किये हैं–

| क्र0 | नाम प्रतिभागी | नियुक्ति | पदक |
|---|---|---|---|
| 1 | रे0नि0, आर0एन0एस0 राठौर | बरेली | 02 रजत |
| 2 | रे0उ0नि0,डी0के0 तिवारी | रेडियो मुख्यालय | 01 रजत, 01 कांस्य |
| 3 | प्र0परि0, अर्चना | मुज़फ्फरनगर | 02 रजत |
| 4 | प्र0परि0, प्रभात कुमार | वाराणसी | 01 कांस्य |
| 5 | स0परि0, सहर महबूब | रेडियो मुख्यालय | 01 रजत, 02 कांस्य |






इसके अतिरिक्त राजपत्रित, राजपत्रित (महिला वर्ग) एवं अराजपत्रित वर्ग की चैम्पियनशिप/ पदक में रेडियो ज़ोन का प्रदर्शन निम्न प्रकार रहा है–

| क्र0 | स्पर्धा | पदक |
|---|---|---|
| राजपत्रित वर्ग | | |
| 1 | टेबल टेनिस व्यक्तिगत चैम्पियनशिप | स्वर्ण |
| 2 | टेबल टेनिस डबल | रजत |
| 3 | टेबल टेनिस ओपेन डबल | कांस्य |
| 4 | बैडमिण्टन 45+ व्यक्तिगत | स्वर्ण |
| 5 | बैडमिण्टन 45+ डबल | स्वर्ण |
| राजपत्रित (महिला वर्ग) | | |
| 1 | टेबल टेनिस व्यक्तिगत | गोल्ड |
| 2 | टेबल टेनिस मिक्सड डबल | गोल्ड |
| 3 | बैडमिण्टन व्यक्तिगत | गोल्ड |
| 4 | बैडमिण्टन मिक्सड डबल | गोल्ड |
| 5 | बैडमिण्टन ओपेन डबल | रजत |
| 6 | बैडमिण्टन टीम चैम्पियनशिप | कांस्य |
| 7 | टेबल टेनिस टीम चैम्पियनशिप | रजत |
| अराजपत्रित वर्ग | | |
| 1 | टेबल टेनिस टीम चैम्पियनशिप | रजत |
| 2 | टेबल टेनिस ओपेन डबल्स | रजत |
| 3 | टेबल टेनिस ओपेन डबल्स(पुरूष) | कांस्य |
| 4 | टेबल टेनिस(महिला) | रजत |
| 5 | बैडमिण्टन ओपेन डबल (पुरूष) | कांस्य |
| 6 | बैडमिण्टन वेटरन एकल | कांस्य |
| 7 | बैडमिण्टन महिला टीम | कांस्य |

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

- दिनांक 07.09.2019: श्री एस0पी0 सिंह, उपमहानिरीक्षक ने कानपुर एवं बरेली ज़ोन के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।



## प्रशिक्षण गतिविधियाँ

- 95वें ग्रेड–द्वितीय दल के 98 प्रशिक्षणार्थियों की अन्तिम परीक्षाएँ दिनांक 20.092019 से 27.09.2019 तक सम्पन्न हुईं। परीक्षा समाप्ति के बाद सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनके नियुक्ति जनपद हेतु कार्यमुक्त किया गया।
- 88वें ग्रेड–तृतीय दल के 2 प्रशिक्षणार्थियों का 6 माह का प्रशिक्षण दिनांक 01.08.2019 से प्रचलित है।

## तकनीकी

### क्लाउड-9

Here, one can back up photos from an i-Phone or Android device using their respective apps. There is no limit on file size and no quality reduction.

Pictures are uploaded over Wi-Fi and are stored in the cloud using password-protected end-to-end encryption. Like ***Google Photos, Degoo*** has its own algorithms that remind of the best moments of life.

Using this service, one can also share photos with friends via a download link. Besides, one can also earn extra space: ***Degoo*** gives 5GB for every friend one recommends to the service-up to a maximum of 500GB or one could opt to watch ads on handset (Android only) to earn an extra 1.2GB per day.

## स्मार्ट ओएस

- ऑपरेटिंग सिस्टम को सिस्टम सॉफ्टवेयर या ओएस कहा जाता है। ऑपरेटिंग सिस्टम प्रयोगकर्ता और कम्प्यूटर हार्डवेयर के मध्य इण्टरफेस जैसे कार्य करता है।

लैपटॉप/डेस्क्टॉप ऑपरेटिंग सिस्टम (ओएस) के रुप में माइक्रोसॉफ्ट विंडोज़ लोकप्रिय है परन्तु यह निःशुल्क नहीं है। ऐसे में माइक्रोसॉफ्ट विंडोज़ के विकल्प और निःशुल्क ऑपरेटिंग सिस्टम निम्न हैं–

1. लिनक्स मिंट: यह ओएस आसानी से उपलब्ध है, व निःशुल्क डाउनलोड हो जाता है।

इसकी खासियत यह है कि यह हैकिंग प्रूफ होने के साथ वायरस प्रूफ भी है। इसका इंटरफेस, विंडोज़ एक्सपी से काफी मिलता जुलता है।

https://www.linuxmint.com

2. गूगल क्रोमियम: यह भी निःशुल्क एक अच्छा विकल्प है। यह एक ओपन सोर्स प्रोजेक्ट है।

इसका मकसद ऐसा ऑपरेटिंग सिस्टम तैयार करना है, जो तेज, सरल एवं सुरक्षात्मक वातावरण मुहैया कराए। यह ओएस क्रोम ब्राउज़र के कस्टमाइज्ड वर्जन पर चलता है।

https://www.chromium.org

3. फ्रीबीएसडी: यह बर्कले सॉफ्टवेयर डिस्ट्रीब्यूशन का निःशुल्क एवं आधुनिक ओपन सोर्स वर्ज़न है।

इस ओएस का प्रयोग मॉडर्न सर्वर्स, डेक्सटॉप्स एवं इससे जुड़े प्लेटफार्म के लिये किया जाता है। यह उन लोगों के लिए अच्छा विकल्प है, जो प्राइवेसी को लेकर ज्यादा चिंतित रहते हैं।

https://www.freebds.org

4. फ्रीडीओएस: इस ऑपरेटिंग सिस्टम का प्रयोग क्लासिक डीओएस गेम्स बिज़नेस सॉफ्टवेयर आदि के लिए किया जा सकता है।

इस ऑपरेटिंग सिस्टम को पुराने डेटा को रिकवर करने के लिये भी प्रयोग किया जा सकता है।

https://www.freedos.org

5. रिएक्ट ओएस प्रोजेक्ट: यह ऑपरेटिंग सिस्टम लिनक्स एवं यूनिक्स से हट कर अपने विंडोज़ जैसा ऑपरेटिंग सिस्टम है।

यह ऑपरेटिंग सिस्टम विंडोज़ एनटी ऑर्किटेक्चर पर आधारित है साथ ही यह निःशुल्क होने के अलावा ओपन सोर्स है। इस ऑपरेटिंग सिस्टम में विंडोज़ एप्लीकेशन को ठीक वैसे ही चलाया जा सकता है, जैसे विंडोज़ में चलाया जाता है।

https://www.reactos.org/nl

6. हायकू प्रोजेक्ट: वर्ष 2001 में रिलीज़ यह निःशुल्क और ओपन सोर्स ऑपरेटिंग सिस्टम है।

इसे खासतौर पर पर्सनल कम्प्यूटिंग के लिये तैयार किया गया है। इसका यूज़र इंटरफेस इस्तेमाल करने में बहुत ही आसान है। यह बेहद पॉवरफुल भी है एवं सभी तरह के यूज़र्स के लिये इस्तेमाल योग्य है।

https://www.haiku-os.org

7. क्लाउड आधारित सिल्वे ओएस: क्लाउड बेस्ड सिल्वे ओएस भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसकी खासियत यह है कि आप अपने पीसी के स्पेस को खाली रख सकते हैं।

यह इंटरनेट बेस्ड कम्प्यूटिंग है, जहाँ आप अपने डेटा और सॉफ्टवेयर्स, वेब पर सेव रखते हैं। इसका इंटरफेस बिल्कुल विण्डोज़ जैसा है।

https://www.silveos.com

## विविध

- सितम्बर 2019 में केन्द्रीय कर्मशाला, पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा मोटोरोला, केनवुड तथा हायटेरा कम्पनी के डिज़ीटल वायरलैस सेटों की फील्ड टैस्टिंग का कार्य कराया गया।

## पुलिस रेडियो मुख्यालय पर राजपत्रित अधिकारियों का सम्मेलन

• दिनांक 16.09.2019 : श्री ध्रुव कान्त ठाकुर, अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा पुलिस रेडियो मुख्यालय, लखनऊ पर जनपदीय राजपत्रित पुलिस रेडियो अधिकारियों (राज्य रेडियो अधिकारी/अपर राज्य रेडियो अधिकारी/सहायक रेडियो अधिकारी) का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में रेडियो मुख्यालय के समस्त राजपत्रित अधिकारी भी उपस्थित हुए। जनपदों में नियुक्त अधिकारियों ने रेडियो स्टाफ की कमी, बजट की आवश्यकता, अतिरिक्त वायरलैस सेटों, रिपीटर सेट, अतिरिक्त एण्टीना एवं वायरलैस सेटों के स्पेयर्स की आवश्यकता की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए शीघ्र समाधान का अनुरोध किया। अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के निदेशानुसार सम्बन्धित राजपत्रित अधिकारीगण ने वस्तुस्थिति स्पष्ट की। अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार ने समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता पर करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

## पुलिस रेडियो मुख्यालय पर सैनिक सम्मेलन

• दिनांक 06.09.2019 : श्री ध्रुव कान्त ठाकुर, अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा पुलिस रेडियो मुख्यालय, लखनऊ पर नियुक्त स्टाफ का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में रेडियो मुख्यालय के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्मिक उपस्थित हुए। कार्मिकों ने साफ–सफाई, विभागीय/सेवा सम्बन्धी कठिनाईयों से अवगत कराया। अपर पुलिस महानिदेशक के निदेशानुसार सम्बन्धित राजपत्रित अधिकारी द्वारा मौके पर स्थिति स्पष्ट की गयी तथा अन्य समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता पर करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।।





## पुलिस रेडियो कार्मिकों की सेवानिवृत्ति

• उ0प्र0 पुलिस रेडियो से सितम्बर–2019 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए निम्न 18 अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मान पत्र प्रदान करते हुए ससम्मान विदाई दी गयी–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री महेन्द्र प्रताप सिंह, 36वीं वाहिनी, पीएसी, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री पप्पू सिंह, मुज़फ्फरनगर, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अब्दुल रब खान, रेडियो मुख्यालय, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री ललित मोहन पाठक, रेडियो मुख्यालय, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कृष्ण प्रताप सिंह, प्रतापगढ़, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान, रेडियो मुख्यालय, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री गजराज सिंह पाल, झाँसी, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री दयाराम यादव, रेडियो मुख्यालय, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सत्यपाल सिंह चौहान, 15वीं वाहिनी, पीएसी, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शिवप्रकाश कुलश्रेष्ठ, मथुरा, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बालकराम मिश्र, रेडियो मुख्यालय, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सल्तुवेकर मलिक, गाज़ियाबाद, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रामेश्वर नाथ प्रसाद, वाराणसी, 14. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री हरीश कुमार, लखनऊ, 15. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जगदम्बा प्रसाद, लखनऊ, 16. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विमलेश कुमार बाजपेयी, शाहजहाँपुर, 17. संदेश वाहक, श्री मनीराम शर्मा, अयोध्या एवं 18. ओ0पी0, श्री लालता प्रसाद, रेडियो मुख्यालय।








लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।
मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 KAPOORTHALA, LUCKNOW
प्रतियाँ – 300